झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF JHARKHAND
(A Central University established by an Act of Parliament of India in 2009)

Ref. No: CUJ/NSS/YGS/2025/01 Date: 19/12/2025

**NOTICE: -**

This is to notify that the screening of the students to participate in Quiz and Debate competition for "YUVA GYAN SAMAGAM - 2025-26" will be scheduled on 24th December 10:00 am. The interested students are directed to report physically on the scheduled time at room No. 129, Science building followed by registering themselves through the Google Form for participation in the screening process.

Details of the event are attached herewith.

*Link for Google Form: -*

*https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSejmA-MQC7JoyxAtdEiqdsJYR69Mh4Yk7wss1Frctbfwa3ybq/viewform?usp=publish-editor*

19/12/2025

NSS Coordinator, CUJ

# झारखण्ड राज्य युवा आयोग

***युवा ज्ञान समागम, 2025–26 आयोजन सम्बन्धी दिशा–निर्देश***

1. झारखण्ड राज्य युवा आयोग के द्वारा **"युवा ज्ञान समागम, 2025–26"** कार्यक्रम के अन्तर्गत **जनवरी, 2026** में 02 दिवसीय क्विज एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजन प्रस्तावित है, तत्संबंधी तिथिवार (मिनट–टू–मिनट की सूचना) अलग से दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के द्वारा नामित 18–25 वर्ष के आयु वर्ग के छात्र–छात्राएँ (प्रत्येक विश्वविद्यालय से वाद–विवाद एवं क्विज प्रतियोगिता हेतु औसतन 02–02 सदस्यीय एक–एक टीम, यानि कुल 04 प्रतिभागी) भाग लेंगे।
2. "युवा ज्ञान समागम – 2025–26" के अन्तर्गत क्विज व वाद–विवाद प्रतियोगिता का संचालन इससे जुड़े नामचीन विशेषज्ञों से कराया जाएगा। प्रतियोगिता हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में संचालित की जाएँगी। ये एक खुली प्रतियोगिता होगी, यानि मंच पर दर्शकों के समक्ष संचालित होगी।
3. "युवा ज्ञान समागम, 2025–26" हेतु पुरस्कार राशि इस प्रकार निर्धारित की गई है –

| | | क्विज प्रतियोगिता | वाद–विवाद प्रतियोगिता |
|---|---|---|---|
| 01. | **प्रथम पुरस्कार (01)** | ट्रॉफी एवं नकद राशि रुपये 1,00,000.00 | ट्रॉफी एवं नकद राशि रुपये 1,00,000.00 |
| 02. | **द्वितीय पुरस्कार (01)** | मेडल एवं नकद राशि रुपये 50,000.00 | मेडल एवं नकद राशि रुपये 50,000.00 |
| 03. | **तृतीय पुरस्कार (01)** | मोमेंटो एवं नकद राशि रुपये 25,000.00 | मोमेंटो एवं नकद राशि रुपये 25,000.00 |
| 04. | **प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र (अन्य सभी प्रतिभागी)** | प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र | प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र |

4. **"युवा ज्ञान समागम, 2025–26" के आयोजन का उद्देश्य –**
   1. युवा छात्र–छात्राओं को वास्तविक ज्ञान एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना।
   2. युवाओं में नेतृत्व गुण विकसित किया जाना।
5. **प्रतिभागिता हेतु अर्हत्ता –**
   1. युवा ज्ञान समागम प्रतियोगिता, 2025–26 में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को झारखण्ड राज्य में संचालित विश्वविद्यालय अथवा अन्तर्गत संचालित किसी महाविद्यालय के किसी भी संकाय में नियमित नामांकन होना आवश्यक है।
   2. प्रतिभागिता हेतु प्रतिभागियों की आयु सीमा दिनांक 01.01.2026 को 18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच होना चाहिए।
   3. प्रतिभागिता हेतु प्रतिभागी विश्वविद्यालय के स्तर से नामित एवं अनुशंसित होना चाहिए।
6. **प्रतिभागियों हेतु चयन की प्रक्रिया**
   1. नामित करने हेतु विश्वविद्यालय अपनी सुविधानुसार पारदर्शी एवं पक्षपातरहित प्रक्रिया निर्धारित कर सकता है। नामांकन संबंधी जिम्मेवारी तत्संबंधी विश्वविद्यालय की होगी, इस संबंध में आयोग की कोई भूमिका नहीं होगी।
   2. नामित प्रतिभागी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं विश्वविद्यालय को अपने स्तर से सुनिश्चित करना होगा कि प्रतिभागी चयनित विधा में पूरे विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि हों।
   3. प्रतिभागी के सम्बन्ध में आयोग को दी जाने वाली प्रत्येक सूचना की सत्यता की जिम्मेवारी सम्बन्धित विश्वविद्यालय की होगी।

झारखण्ड राज्य युवा आयोग ★

4. विहित प्रपत्र में अपेक्षित सूचना पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकार के द्वारा झारखण्ड राज्य युवा आयोग को निर्धारित अवधि के भीतर ई–मेल (jsyc.rnc@gmail.com) के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

5. विहित प्रपत्र की मूल प्रति पंजीकरण तिथि को आयोग द्वारा निर्धारित आयोजन स्थल पर प्रतिभागी का बैंक पासबुक की अभिप्रमाणित प्रति, आधार एवं महाविद्यालय का परिचय पत्र की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जमा करना होगा तथा साथ में इनकी मूल प्रति धारित करना आवश्यक होगा।

6. एक विश्वविद्यालय से अधिकतम 05 लोगों की टीम भाग ले सकेगी, जिसमें 04 प्रतिभागी (वाद–विवाद प्रतियोगिता हेतु 01 छात्र एवं 01 छात्रा तथा क्विज प्रतियोगिता हेतु 01 छात्र एवं छात्रा सहित कुल 04 प्रतिभागी) छात्र–छात्रा एवं 01 शिक्षक/शिक्षिका टीम प्रबंधक अथवा मेंटर के तौर पर नामित होंगे।

7. टीम प्रबंधक अथवा मेंटर के तौर पर नामित व्यक्ति का शैक्षणिक कार्य से सम्बद्ध होना अनिवार्य है। गैर–शैक्षणिक कर्मियों का नामांकन निषिद्ध होगा।

8. मेंटर/टीम प्रबंधक के लिए अलग से विहित प्रपत्र में विवरण देना होगा।

9. प्रतिभागियों एवं मेंटर/टीम प्रबंधक हेतु विहित प्रपत्र को भरकर ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने की ***अंतिम तिथि दिनांक 31.12.2025 को शाम 05:00 बजे*** तक निर्धारित है। दिनांक 31.12.2025 को सायं 05:00 बजे के बाद प्राप्त किसी भी प्रविष्टि पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. सभी प्रविष्टि निःशुल्क है।

7. **प्रतिभागियों के आने–जाने एवं ठहरने की व्यवस्था**

1. रेल मार्ग से आने वाले प्रतिभागियों का उनके महाविद्यालय के निकटतम स्टेशन से राँची का वास्तविक किराया (अधिकतम स्लीपर श्रेणी) टिकट प्रस्तुत करने पर तथा सार्वजनिक परिवहन (बस, आदि) से आने वाले प्रतिभागियों को उनके वास्तविक भुगतान (मूल टिकट समर्पित करने पर) प्रतिपूर्ति कर दी जाएगी।

2. किराया वाहन से आने वाले प्रतिभागियों का वाहन किराया उनके महाविद्यालय से आयोजन स्थल तक आने–जाने की न्यूनतम दूरी के सड़क मार्ग का प्रति किमी के निर्धारित दर से किया जाएगा, परन्तु, ऐसे में पूरी टीम (2+2+1) को एक ही नन–एसी श्रेणी के वाहन से यात्रा करनी होगी, तत्पश्चात उनके द्वारा समर्पित किराया दर की प्रतिपूर्त्ति किया जायगा। इस संबंध में टीम (2+2+1) को एक यूनिट मानकर प्रतिपूर्त्ति की जाएगी, अलग से कोई दावा स्वीकार नहीं होगा।

3. राँची रेलवे स्टेशन से आयोजन/ठहराव स्थल तक आने–जाने के लिए निःशुल्क वाहन की व्यवस्था आयोग द्वारा किया जायगा।

झारखण्ड राज्य युवा आयोग

4. प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों एवं टीम प्रबंधकों के आवासन की समुचित व्यवस्था आयोग द्वारा निःशुल्क की जाएगी, जिसकी सूचना प्रतिभागियों के आगमन से पूर्व दे दी जाएगी।

5. प्रतिभागियों के भोजन की निःशुल्क व्यवस्था झारखण्ड राज्य युवा आयोग, राँची के द्वारा की जाएगी।

## 8. <u>प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी विवरण एवं समयावधि</u>

1. युवा ज्ञान समागम, 2025–26 का आयोजन निम्नवत् प्रस्तावित है :–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम दिवस (आगमन) | 12.00 PM 05:00 PM | आयोजन स्थल (हेल्प–डेस्क) पर रिपोर्टिंग, निबन्धन–एक्रीडेशन. | |
| | | 08:00 PM to 09:00 PM | उदघाटन व परिचय सत्र. | |
| | | From 09:00 PM | भोजन एवं रात्रि विश्राम. | |
| 2. | द्वितीय दिवस (कार्यक्रम / आयोजन) | 09:00 AM to 01:30 PM | वाद–विवाद प्रतियोगिता | क्विज प्रतियोगिता |
| | | | वाद–विवाद प्रतियोगिता | क्विज प्रतियोगिता |
| | | | वाद–विवाद प्रतियोगिता | क्विज प्रतियोगिता |
| | | 01:30 PM to 02:30 PM | लंच ब्रेक | |
| | | 02:30 PM to 04:30 PM | वाद–विवाद प्रतियोगिता | क्विज प्रतियोगिता |
| | | 04:30 PM to 05:00 PM | ब्रेक | |
| | | 05:00 PM to 07:00 PM | वाद–विवाद प्रतियोगिता सेमी फाईनल | क्विज प्रतियोगिता सेमी फाईनल |
| | | 08:00 PM to 09:00 PM | अतिथिगण के साथ सामूहिक परिचर्चा | |
| | | From 09:00 PM | कार्यक्रम की समाप्ति डिनर व रात्रि–विश्राम. | |
| 3. | तृतीय दिवस (पुरस्कार एवं प्रस्थान) | 09:00 AM to 11:00 AM | वाद–विवाद प्रतियोगिता फाईनल | |
| | | 11:30 PM to 01:30 PM | क्विज प्रतियोगिता फाईनल | |
| | | 01:30 PM to 02:30 PM | लंच ब्रेक | |
| | | 02:30 PM to 03:30 PM | पुरस्कारों की घोषणा एवं वितरण. | |
| | | 03:30 PM to 08:00 PM | रिफ्रेशमेंट व प्रतिभागियों का प्रस्थान. | |
| *नोट : उपर्युक्त वर्णन अनन्तिम प्रारूप मात्र है। प्रतियोगिता संचालन का तरीका, समयावधि, पैटर्न, स्कोरिंग का तरीका, आदि विशेषज्ञ संचालनकर्ताओं के द्वारा अन्तिम रूप से तय किए जाएँगे, जिसकी विवरण प्रतिभागियों के समक्ष प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व विस्तार से समझा दिया जाएगा। तदनुसार, प्रतियोगिता के समय में परिवर्तन संभव है।* | | | | |

9. प्रतियोगिता का आयोजन जनवरी, 2026 में संभावित है। क्विज एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता के निर्धारित संचालकों से तिथि सम्पुष्ट होते ही पूरे कार्यक्रम / आयोजन की विस्तृत सूचना आयोजन की तिथि से कम–से–कम एक सप्ताह पूर्व दे दी जाएगी।

10. आयोजन से संबंधित किसी प्रकार की पृच्छा (Query) हेतु ई–मेल (jsyc.rnc@gmail.com) पर पत्राचार किया जा सकता है।

झारखण्ड राज्य युवा आयोग

प्रपत्र – I

# झारखण्ड राज्य युवा आयोग

## युवा ज्ञान समागम–2025–26 में भाग लेने वाले प्रतिभागी की विवरणी

नवीनतम फोटो

1. **प्रतिभागी का आवेदित श्रेणी :** वाद विवाद प्रतियागिता/क्विज प्रतियोगिता
2. **विश्वविद्यालय का नाम :**....................................................................
3. **महाविद्यालय का नाम** (जहाँ सम्प्रति अध्ययनरत है) :..................................................
4. **प्रतिभागी का पूरा नाम** :हिन्दी (साफ अक्षरों में)..........................................................

   रोमन लिपि, (बड़े अक्षरों में) ....................................................................
5. **आधार संख्या**:..................................................................
6. **पिता का नाम :**....................................................................
7. **जन्म तिथि :**....................................................**उम्र :**................ **(दिनांक 01.01.2026 को)**
8. **महिला/पुरूषः**....................................................
9. **मोबाइल नं0**:.................................... **Email Id:–**..........................................
10. **रोल नं० :**..............................
11. **कक्षा, एवं सेक्शन एवं विभाग :**............................................
12. **विश्वविद्यालय की निबन्धन संख्या :**..................................................
13. **प्रतिभागी के बैंक खाता का विवरण:** (पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

| खाताधारक का नाम | खाता संख्या | आई.एफ.एस.सी. |
|---|---|---|
| | | |

14. **शैक्षणिक विवरण :**

| योग्यता | संकाय/विषय/विभाग | शैक्षणिक वर्ष | अध्ययनरत/प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | |
| इंटरमीडिएट | | | |
| स्नातक | | | |

प्रमाणित किया जाता है कि .................................................................. विश्वविद्यालय की ओर से उपरोक्त विवरण के छात्र/छात्रा को "युवा ज्ञान समागम–2025–26" अन्तर्गत क्विज प्रतियोगिता/वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नामांकित किया जाता है। ज्ञात श्रोतों के अनुसार उक्त छात्र/छात्रा का आचरण एवं अकादमिक रिकॉर्ड अच्छा है। नामांकन के संबंध में किसी प्रकार का विवाद/कोई सूचना असत्य/अर्द्धसत्य पाए जाने पर संबंधित छात्र/छात्रा को प्रतियोगिता से बाहर माना जाएगा एवं आयोग सभी संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार समुचित कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगा। नामांकित छात्र/छात्रा युवा ज्ञान समागम–2025–2026 के निर्धारित नियमों एवं अनुशासन का पालन करेंगे।

**अधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर : –**

**अधिकृत पदाधिकारी का नाम : –**

**पदनाम : –**

**मोबाईल संख्या : –**

**ई–मेल : –**

**कार्यालय का मोहर :–**

प्रपत्र – II

# झारखण्ड राज्य युवा आयोग

## युवा ज्ञान समागम–2025–26 में भाग लेने वाले मेंटर/टीम प्रबंधक की विवरणी

नवीनतम फोटो

1. विश्वविद्यालय का नाम :.............................................................................

2. अधिकृत मेंटर/टीम प्रबंधक का पूरा नाम :

हिन्दी (साफ अक्षरों में).............................................................................

रोमन लिपि, (बड़े अक्षरों में) ......................................................................

3. महिला/पुरूषः.......................................................

4. पदनामः...................................................

5. आधार संख्याः.............................................. (अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

6. मोबाइल नं0:........................................... **Email Id**:–.............................................

7. टीम प्रबंधक/मेंटर के बैंक खाता का विवरणः (रद्दीकृत चेक/बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| खाताधारक का नाम | खाता संख्या | आई.एफ.एस.सी. |
|---|---|---|
| | | |

8. अधिकृत मेंटर/टीम प्रबंधक के साथ भाग लेने वाले प्रतिभागी के नाम :

| क्र०सं० | प्रतिभागी का नाम | क्विज/वाद–विवाद प्रतियोगिता |
|---|---|---|
| 01 | | |
| 02 | | |
| 03 | | |
| 04 | | |

विश्वविद्यालय के अधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर : –

टीम प्रबंधक/मेंटर के हस्ताक्षर का अभिप्रमाणित नमूना।

अधिकृत सक्षम पदाधिकारी का नाम : –

पदनाम : –

मोबाईल संख्या : –

ई–मेल : –

कार्यालय का मोहर :–

अभिप्रमाणित करने वाले पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर सहित।